DECEMBER 2022 Vol. 4 THE INDIAN LAW REPORTS (pp. 1975 to 2110)

THE INDIAN LAW REPORTS
M.P. SERIES

CONTAINING CASES DECIDED BY
THE HIGH COURT OF MADHYA PRADESH

VOLUME - 4
(Completed)

DECEMBER - 2022
(pp. 1975 to 2110)

RNI Regn. No. MPBIL/2009/32366
Postal Regn. No. L4/N.P./2022-24
Jabalpur

BOOK-POST

To,

.....

.....

.....

NOTE

- Delivery of ILR books sent by ordinary posts is at subscriber's risk.
- No copy will be sent again to the subscribers who opt for delivery by ordinary post, except on payment of price of the issue and subject to the availability of the extra in the stock.
- Subscribers are requested to avail facility of delivery through Bench Registries/District Courts/Tehsil Courts to avoid inconvenience.

Annual Subscription : ₹ 1200/- for the year 2022 (Including Book Post Charges)
Registered Postal Charges ₹ 645/- Extra.

Every effort has been made to avoid any mistake or omission. The Publisher, Editor or Printer shall not be liable in any manner to any person by reason of any mistake or omission in this publication.

If undelivered please return to -
PRINCIPAL REGISTRAR (ILR)
Administrative Block,
High Court of M.P.
Jabalpur - 482001 (M.P.)
✆ **: EPABX No. 0761-2620380**

If any issue is not received,
Please contact -
✆ **: EPABX No. 0761-2620380**

(Single Copy ₹100)
(Subject to Availability)

Printed & Published by	:	**Vaibhav Mandloi, Principal Registrar (ILR)**
On behalf of	:	ILR (M.P.) Committee High Court of M.P., Jabalpur Under The Authority of The Governor of Madhya Pradesh
Published at	:	Administrative Block, High Court of M.P., Jabalpur, 482001 (M.P.)
Printed at	:	Grenadiers Welfare Co-operative Consumer Stores Ltd. C/o The Grenadiers Regimental Centre, Jabalpur
Edited by	:	Ritesh Kumar Ghosh, Advocate, Chief Editor *(Part Time)*

VOL. 4

INDIAN LAW REPORT (M.P.) COMMITTEE

DECEMBER 2022

PATRON

Hon'ble Shri Justice Ravi Malimath
Chief Justice

– – – –

CHAIRMAN

Hon'ble Shri Justice Atul Sreedharan

– – – –

MEMBERS

Hon'ble Shri Justice Gurpal Singh Ahluwalia
Shri Prashant Singh, Advocate General, *(ex-officio)*
Shri Vinod Bhardwaj, Senior Advocate
Shri Aditya Adhikari, Senior Advocate
Shri Ravindra Singh Chhabra, Senior Advocate
Shri Ritesh Kumar Ghosh, Advocate, Chief Editor, *(ex-officio)*
Shri Vaibhav Mandloi, Principal Registrar (ILR)
Shri Hemant Joshi, Principal Registrar (Judicial), *(ex-officio)*

– – – –

SECRETARY

Shri Joginder Singh, Registrar (Exam)

– – – –

CHIEF EDITOR

(Part-time)

Shri Ritesh Kumar Ghosh, Advocate, Jabalpur

– – – –

EDITORS

(Part-time)

JABALPUR

Shri Siddhartha Singh Chauhan, Advocate, Jabalpur

INDORE

Shri Yashpal Rathore, Advocate, Indore

GWALIOR

Smt. Sudhha Sharrma, Advocate, Gwalior

– – – –

ASSISTANT EDITOR

Smt. Deepa Upadhyay

– – – –

REPORTERS

(Part-time)

JABALPUR

(Vacant)

INDORE

(Vacant)

GWALIOR

(Vacant)

– – – –

PUBLISHED BY

Shri Vaibhav Mandloi, Principal Registrar (ILR)

Printed & Published on behalf of the Indian Law Report (M.P.) Committee, High Court of Madhya Pradesh, Jabalpur, Under The Authority of The Governor of Madhya Pradesh

THE HIGH COURT OF MADHYA PRADESH
JABALPUR 2022

(From 01-01-2022 to 31-12-2022)

CHIEF JUSTICE

Hon'ble Shri Justice Ravi Malimath
Chief Justice

PUISNE JUDGES

Hon'ble Shri Justice Sheel Nagu
Hon'ble Shri Justice Sujoy Paul
Hon'ble Shri Justice Rohit Arya
Hon'ble Shri Justice Atul Sreedharan
Hon'ble Shri Justice S. A. Dharmadhikari
Hon'ble Shri Justice Vivek Rusia
Hon'ble Shri Justice Anand Pathak
Hon'ble Shri Justice Vivek Agarwal
Hon'ble Smt. Justice Nandita Dubey
Hon'ble Shri Justice Rajeev Kumar Dubey (Retired on 10.10.2022)
Hon'ble Smt. Justice Anjuli Palo
Hon'ble Shri Justice Virender Singh
Hon'ble Shri Justice Vijay Kumar Shukla
Hon'ble Shri Justice G.S. Ahluwalia
Hon'ble Shri Justice Subodh Abhyankar
Hon'ble Shri Justice Sanjay Dwivedi
Hon'ble Shri Justice Rajeev Kumar Shrivastava (Retired on 24.11.2022)
Hon'ble Shri Justice Vishal Dhagat
Hon'ble Shri Justice Vishal Mishra
Hon'ble Shri Justice Satish Kumar Sharma (Retired on 24.05.2022)
Hon'ble Shri Justice Anil Verma

Hon'ble Shri Justice Arun Kumar Sharma

Hon'ble Shri Justice Satyendra Kumar Singh

Hon'ble Smt. Justice Sunita Yadav

Hon'ble Shri Justice Deepak Kumar Agarwal

Hon'ble Shri Justice Rajendra Kumar (Verma)

Hon'ble Shri Justice Pranay Verma

Hon'ble Shri Justice Purushaindra Kumar Kaurav (Transferred to Delhi High Court on 01.06.2022)

Hon'ble Shri Justice Maninder Singh Bhatti

Hon'ble Shri Justice Dwarka Dhish Bansal

Hon'ble Shri Justice Milind Ramesh Phadke

Hon'ble Shri Justice Amar Nath (Kesharwani)

Hon'ble Shri Justice Prakash Chandra Gupta

Hon'ble Shri Justice Dinesh Kumar Paliwal

TABLE OF CASES REPORTED

(Note : An asterisk (*) denotes Note number)

..*.*.*.*.*.*.*.

INDEX

(*Note : An asterisk (*) denotes Note number*)

INDEX

INDEX

बेनामी संव्यवहार (प्रतिषेध) अधिनियम (1988 का 45), धारा 4(1) एवं सिविल प्रक्रिया संहिता (1908 का 5), आदेश 7 नियम 11 – प्रयोज्यता – अभिनिर्धारित – यदि अधिनियम के प्रवर्तन में आने के पश्चात् वाद प्रस्तुत किया गया है, तो बेनामी संव्यवहार के आधार पर किसी अधिकार, हक अथवा हित का दावा करना, चाहे वह अधिनियम के प्रवर्तन में आने के पूर्व किया गया था, अधिनियम की धारा 4(1) के अंतर्गत वर्जित होगा – प्रत्यर्थीगण/वादी द्वारा प्रस्तुत वाद, अधिनियम की धारा 4(1) के अंतर्गत वर्जित था – सि.प्र.सं. के आदेश 7 नियम 11 के अंतर्गत प्रस्तुत आवेदन मंजूर एवं वाद खारिज – सिविल पुनरीक्षण मंजूर। (चिंतामणी (श्रीमती) वि. अजय कुमार) **…1945**

Central Excise Act (1 of 1944), Sections 3, 3A & 37(2)(v) and Central Excise Rules, 2017, Rules 6, 8, 11, 13 & 34 – Illegal Sealing of Machine – Compensation **– Held – For more than 2 years, machine and two DG sets were kept under seal by authorities of respondents – Petitioner was unable to do production, causing business loss not only to him but also to Central Government in respect to revenue – Impugned action was wholly without jurisdiction – Petitioner liable to be compensated and is thus granted liberty to take recourse available under law against respondents. [Elora Tobacco Co. Ltd. (M/s.) Vs. Union of India] (DB)…1995**

केंद्रीय उत्पाद–शुल्क अधिनियम (1944 का 1), धाराएँ 3, 3A व 37(2)(v) एवं केंद्रीय उत्पाद–शुल्क नियम, 2017, नियम 6, 8, 11, 13 व 34 – मशीन की अवैध सीलबंदी – प्रतिकर – अभिनिर्धारित – प्रत्यर्थीगण के प्राधिकारीगण द्वारा दो वर्ष से अधिक अवधि के लिए मशीन तथा दो DG सेट को सीलबंद रखा गया – याची उत्पादन करने में असमर्थ था जिससे न केवल उसे व्यापार का नुकसान हुआ बल्कि राजस्व के संबधं में केंद्र सरकार को भी नुकसान हुआ – आक्षेपित कार्यवाही पूर्णतया बिना अधिकारिता थी – याची प्रतिकर पाने का अधिकारी है एवं इसलिए उसे प्रत्यर्थीगण के विरूद्ध विधि के अंतर्गत उपलब्ध अवलंब लेने की स्वतंत्रता प्रदान की जाती है। (एलोरा टोबैको कं. लि. (मे.) वि. यूनियन ऑफ इंडिया) **(DB)…1995**

Central Excise Act (1 of 1944), Sections 3, 3A & 37(2)(v) and Central Excise Rules, 2017, Rules 6, 8, 11, 13 & 34 – Trade Notices – Search & Sealing of Machines **– Held – No mandatory provision in statute to give production as per capacity of machine – Respondent cannot compel any manufacturer to give a declaration or run factory upon 50% capacity – No provision in Excise Act and Rules and even in CGST Act, giving authority to respondents to seal the machines of a running manufacturing unit – Clause 6.3 is wholly unreasonable and inconsistent with provisions of Act and Rules and thus struck down – Respondents directed to de-seal the machine and two DG sets – Petition allowed with cost of Rs. 50,000. [Elora Tobacco Co. Ltd. (M/s.) Vs. Union of India] (DB)…1995**

केंद्रीय उत्पाद–शुल्क अधिनियम (1944 का 1), धाराएँ 3, 3A व 37(2)(v) एवं केंद्रीय उत्पाद–शुल्क नियम, 2017, नियम 6, 8, 11, 13 व 34 – ट्रेड नोटिस – तलाशी

तथा मशीनों को सील किया जाना – अभिनिर्धारित – मशीन की क्षमता अनुसार उत्पादन देने के लिए कानून में कोई आज्ञापक उपबंध नहीं – प्रत्यर्थी किसी भी निर्माता को घोषणा करने या 50% क्षमता पर कारखाना चलाने के लिए मजबूर नहीं कर सकता – उत्पाद–शुल्क अधिनियम तथा नियम तथा यहाँ तक कि CGST अधिनियम में भी प्रत्यर्थीगण को चालू निर्माण ईकाई की मशीनों को सील करने का अधिकार देने का उपबंध नहीं है – खंड 6.3 पूर्णतया अयुक्तियुक्त है तथा अधिनियम एवं नियम के उपबंधों के साथ असंगत है तथा इसलिए खण्डित किया गया – प्रत्यर्थीगण को मशीन तथा दो DG सेट की सील खोलने के निर्देश दिये गये – रू. 50,000 खर्च के साथ याचिका मंजूर। (एलोरा टोबैको कं. लि. (मे.) वि. यूनियन ऑफ इंडिया) **(DB)…1995**

Central Excise Act (1 of 1944), Section 37(v) – Regulating Production, Sale and Storage of Goods **– Held – Section 37 gives power to Central Government to make rules to regulate the production or manufacturing but in this case there is no such rules notified by Central Government u/S 37(v) to regulate the production, sale and storage of goods. [Elora Tobacco Co. Ltd. (M/s.) Vs. Union of India] (DB)…1995**

केंद्रीय उत्पाद–शुल्क अधिनियम (1944 का 1), धारा 37(v) – माल के उत्पादन, विक्रय तथा भण्डारण को विनियमित करना – अभिनिर्धारित – धारा 37 केंद्र सरकार को उत्पादन अथवा निर्माण को विनियमित करने के लिए नियम बनाने की शक्ति प्रदान करता है परंतु इस प्रकरण में माल के उत्पादन, विक्रय तथा भण्डारण को विनियमित करने के लिए धारा 37(v) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा ऐसे कोई नियम अधिसूचित नहीं हैं। (एलोरा टोबैको कं. लि. (मे.) वि. यूनियन ऑफ इंडिया) **(DB)…1995**

Central Excise Rules, 2017, Rules 6, 8, 11, 13 & 34 – See – Central Excise Act, 1944, Sections 3, 3A & 37(2)(v) **[Elora Tobacco Co. Ltd. (M/s.) Vs. Union of India] (DB)…1995**

केंद्रीय उत्पाद–शुल्क नियम, 2017, नियम 6, 8, 11, 13 व 34 – देखें – केंद्रीय उत्पाद–शुल्क अधिनियम, 1944, धाराएँ 3, 3A व 37(2)(v) (एलोरा टोबैको कं. लि. (मे.) वि. यूनियन ऑफ इंडिया) **(DB)…1995**

Central Excise Rules, 2017, Rule 34 – Trade Notices – Jurisdiction of Excise Authority **– Held – Rule 34 gives power to Board/Principal Chief Commissioner/Chief Commissioner to issue written instructions for any incidental or supplemental matters – Excise authority gets jurisdiction to issue Trade Notices under the Act and Rules but the only rider is that such written instructions in Trade Notice should be consistent with the Act and provision of Rules. [Elora Tobacco Co. Ltd. (M/s.) Vs. Union of India] (DB)…1995**

केंद्रीय उत्पाद–शुल्क नियम, 2017, नियम 34 – ट्रेड नोटिस – उत्पाद शुल्क प्राधिकारी की अधिकारिता – अभिनिर्धारित – नियम 34 बोर्ड / प्रधान मुख्य आयुक्त / मुख्य आयुक्त को किसी अनुषंगिक अथवा अनुपूरक मामलों में लिखित निर्देश जारी करने की

शक्ति प्रदान करता है – उत्पाद–शुल्क प्राधिकारी को अधिनियम तथा नियमों के अंतर्गत ट्रेड नोटिस जारी करने की अधिकारिता प्राप्त होती है परंतु एकमात्र शर्त है कि ट्रेड नोटिस में ऐसे लिखित निर्देश अधिनियम तथा नियमों के उपबंध के अनुरूप होने चाहिए। (एलोरा टोबैको कं. लि. (मे.) वि. यूनियन ऑफ इंडिया) **(DB)…1995**

***Chikitsa Shiksha Pravesh Niyam, M.P., 2018, Rules 2(त), 4(1) & 14(1) & (2) – Category of Reservation – Applicability* – Held – Intention behind bringing these provisions into statute book was to apply the category-wise reservation in the second round of counselling on the entire vacancies and not separately for "in service category" and "open category" – Respondent rightly applied the Rules to the entire set of vacancies – Petitions dismissed. [Mohita Pandey (Dr.) Vs. State of M.P.] (DB)…*69**

चिकित्सा शिक्षा प्रवेश नियम, म.प्र., 2018, नियम 2(त), 4(1) व 14(1) व (2) – आरक्षण की श्रेणी – प्रयोज्यता – अभिनिर्धारित – इन उपबंधों को कानून की किताब में लाने के पीछे का आशय काउंसलिंग के द्वितीय चरण में संपूर्ण रिक्तियों पर श्रेणीवार आरक्षण लागू करना था तथा न कि ''सेवारत श्रेणी'' एवं ''खुली/ओपन श्रेणी'' के लिए पृथक से – प्रत्यर्थी ने रिक्तियों के संपूर्ण संवर्ग पर उचित रूप से नियम लागू किये – याचिकाएं खारिज। (मोहिता पांडे (डॉ.) वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…*69**

***Chikitsa Shiksha Pravesh Niyam, M.P., 2018, Rule 6 – Registration – Amended Definition* – Held – As per amended definition of "registration", after second round of counselling and before Mop-Up round of counselling, registration will be re-opened and except previously registered candidates, other candidates can get themselves registered. [Pooja Sahu (Dr.) Vs. State of M.P.] (DB)…*56**

चिकित्सा शिक्षा प्रवेश नियम, म.प्र., 2018, नियम 6 – रजिस्ट्रीकरण – संशोधित परिभाषा – अभिनिर्धारित – ''रजिस्ट्रीकरण'' की संशोधित परिभाषा के अनुसार, काउंसलिंग के दूसरे चरण के पश्चात् तथा काउंसलिंग के समापन चरण के पूर्व, रजिस्ट्रीकरण पुनः खोला जाएगा एवं पहले से रजिस्ट्रीकृत अभ्यर्थियों को छोड़कर, अन्य अभ्यर्थी अपने आप को रजिस्ट्रीकृत करा सकते हैं। (पूजा साहू (डॉ.) वि. म.प्र राज्य) **(DB)…*56**

***Chikitsa Shiksha Pravesh Niyam, M.P., 2018, Rule 6 & 17(3) – Registration – Change of Category – Permissibility* – Held – Conjoint reading of Rule 6 r/w 17(3) shows that rules do not prohibit petitioner from fresh registration and this course is indeed permissible – Petitioner entitled to get herself registered afresh under UR-NRI quota as per the decision of Central Government regarding lowering down of percentile of certain categories – Petition allowed. [Pooja Sahu (Dr.) Vs. State of M.P.] (DB)…*56**

चिकित्सा शिक्षा प्रवेश नियम, म.प्र., 2018, नियम 6 व 17(3) – रजिस्ट्रीकरण – प्रवर्ग का परिवर्तन – अनुज्ञेयता – अभिनिर्धारित – नियम 6 सहपठित नियम 17(3) का एक

साथ पढ़ा जाना यह दर्शाता है कि नियम याची को नये रजिस्ट्रीकरण से प्रतिषिद्ध नहीं करते हैं तथा यह अनुक्रम वास्तव में अनुज्ञेय है – याची, कुछ प्रवर्गों की प्रतिशतता को कम करने के संबंध में केंद्र सरकार के विनिश्चय के अनुसार स्वयं को अनारक्षित–अनिवासी भारतीय (एन.आर.आई.) कोटा के अंतर्गत नये सिरे से रजिस्ट्रीकृत कराने की हकदार है – याचिका मंजूर। (पूजा साहू (डॉ.) वि. म.प्र राज्य) **(DB)…*56**

Chikitsa Shiksha Pravesh Niyam, M.P., 2018, Rule 14(1) – Term – "Reserved" – Held – The word "reserved" is not used in the sense it is normally used when community based reservation flowing from Article 15/16 of Constitution is being given – Intention of legislature was to give separate source of entry to in-service candidates to the extent of 30% out of total vacancies. [Mohita Pandey (Dr.) Vs. State of M.P.] **(DB)…*69**

चिकित्सा शिक्षा प्रवेश नियम, म.प्र., 2018, नियम 14(1) – शब्द ''आरक्षित'' – अभिनिर्धारित – ''आरक्षित'' शब्द का उपयोग उस अर्थ में नहीं किया गया है जैसा उपयोग सामान्यतः किया जाता है जब संविधान के अनुच्छेद 15/16 से प्रवाहित वाला समुदाय आधारित आरक्षण दिया जाता है – विधायिका का आशय कुल रिक्तियों में से 30 प्रतिशत की सीमा तक सेवारत अभ्यर्थीगण को प्रवेश का एक पृथक स्त्रोत देना था। (मोहिता पांडे (डॉ.) वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…*69**

***Chikitsa Shiksha Pravesh Niyam, M.P., 2018, Rule 14(1) & (2) – Term "Vacancies" – Held –* "Vacancies" means all the vacancies and not vacancies confined to "in-service candidates" – Thus vacancy of Rule 14(1) relates to the entire set of vacancies of all subjects available in Government and Private Medical Colleges as well as in dental Hospitals – Contention of petitioners that under Rule 14(1) & (2), "in-service candidates" and "open category candidates" belong to two separate compartments, cannot be accepted. [Mohita Pandey (Dr.) Vs. State of M.P.]** **(DB)…*69**

चिकित्सा शिक्षा प्रवेश नियम, म.प्र., 2018, नियम 14(1) व (2) – शब्द ''रिक्तियां'' – अभिनिर्धारित – ''रिक्तियों'' का अर्थ समस्त रिक्तियों से है तथा न कि ''सेवारत अभ्यर्थियों'' तक सीमित रिक्तियों से – अतः नियम 14(1) की रिक्ति शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों के साथ–साथ दंत चिकित्सालयों में उपलब्ध सभी विषयों की रिक्तियों के संपूर्ण संवर्ग से संबंधित है – याचीगण का यह तर्क कि नियम 14(1) व (2) के अंतर्गत, ''सेवारत अभ्यर्थीगण'' एवं ''खुली/ओपन श्रेणी के अभ्यर्थीगण'' दो पृथक खण्डों से संबंधित हैं, स्वीकार नहीं किया जा सकता। (मोहिता पांडे (डॉ.) वि. म.प्र. राज्य)

(DB)…*69

Chikitsa Shiksha Pravesh Niyam, M.P., 2018 – See – Niji Vyavsayik Shikshan Sanstha (Pravesh Ka Viniyaman Avam Shulk Ka Nirdharan) Adhiniyam, M.P., 2007, Sections 5, 5-A, 5-A(3), 5(7) & 7 **[Shruti Patidar (Ms.) Vs. State of M.P.]** **(DB)…*92**

INDEX

routine or casual manner and should be exercised with great circumspection – Trial Court has not considered the merit of appeal at all and remanded the case in a very casual manner – Such remand *de hors* statutory provisions under Order 41 Rules 23, 23A & 25 C.P.C. – Impugned order set aside – Appeal restored to original number before Appellate Court. [Manju Bai (Smt.) Vs. Dashrath] …*53

सिविल प्रक्रिया संहिता (1908 का 5), आदेश 41 नियम 23, 23A व 25 – प्रतिप्रेषण (रिमांड) की शक्ति – अभिनिर्धारित – न्यायालय द्वारा प्रतिप्रेषण की शक्ति का प्रयोग नैत्यिक अथवा आकस्मिक तरीके से नहीं किया जाना चाहिए तथा अत्याधिक सावधानी के साथ प्रयोग किया जाना चाहिए – विचारण न्यायालय ने अपील के गुणदोषों को बिल्कुल भी विचार में नहीं लिया तथा अत्यंत आकस्मिक तरीके से प्रकरण प्रतिप्रेषित किया – उक्त प्रतिप्रेषण सि.प्र.सं. के आदेश 41 नियम 23, 23A व 25 के अंतर्गत कानूनी उपबंधों से असंबद्ध है – आक्षेपित आदेश अपास्त – अपील, अपीली न्यायालय के समक्ष मूल क्रमांक पर पुनःस्थापित। (मंजू बाई (श्रीमती) वि. दशरथ) …*53

***Civil Procedure Code (5 of 1908), Order 41 Rule 25 – Power of Remand* – Held – Order 41 Rule 25 applies when Appellate Court notices an omission on part of trial Court to frame or try any issue or to determine any question of fact which in opinion of appellate Court is essential to the right decision of suit – Remand under Rule 25 is a limited remand in as much as the subordinate Court can try only such issues as are referred to it for trial and having done so, the evidence recorded together with finding and reasons of trial Court are required to be returned to Appellate Court. [Satishchandra Vs. Guddan @ Dashrath] …1742**

सिविल प्रक्रिया संहिता (1908 का 5), आदेश 41 नियम 25 – प्रतिप्रेषण की शक्ति – अभिनिर्धारित – आदेश 41 नियम 25 तब लागू होता है जब अपीली न्यायालय, किसी विवाद्यक को विरचित करने अथवा उसका विचारण करने अथवा तथ्य के किसी प्रश्न को अवधारित करने में विचारण न्यायालय की ओर से किसी लोप पर ध्यान देता है जो कि अपीली न्यायालय की राय में वाद के सही विनिश्चय के लिए आवश्यक है – नियम 25 के अन्तर्गत प्रतिप्रेषण एक सीमित प्रतिप्रेषण है, चूंकि अधीनस्थ न्यायालय केवल ऐसे विवाद्यकों का विचारण कर सकता है जो उसे विचारण के लिए निर्दिष्ट किये गये हों तथा ऐसा करने के पश्चात्, विचारण न्यायालय के निष्कर्षों और कारणों के साथ–साथ अभिलिखित किये गये साक्ष्य को अपीली न्यायालय को वापस करना अपेक्षित है। (सतीशचन्द्र वि. गुड्डन उर्फ दशरथ) …1742

***Civil Procedure Code (5 of 1908), Order 47 Rule 1 – Modifications, Directions & Clarification – Permissibility* – Held – Learned Single Judge modified the order under review and passed certain directions – Virtually writ petition was re-heard on merits – Learned Single Judge exceeded his jurisdiction in passing such order – In a petition under Order 47 Rule 1 CPC,**

INDEX

INDEX

संविधान – अनुच्छेद 226 – बंदी प्रत्यक्षीकरण – बालक की अभिरक्षा – अभिनिर्धारित – पत्नी ने आत्महत्या की – अवयस्क बालक याची के ससुर के साथ रहता है – पति धारा 306 तथा 304–B IPC के अंतर्गत विचारण का सामना कर रहा है, बालक की अभिरक्षा चाहता है – अभिनिर्धारित – याची जैविक पिता, एक नैसर्गिक संरक्षक है तथा एक उच्च शिक्षित तथा प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखता है तथा स्वयं पंजाब नेशनल बैंक में कार्यरत है तथा एक संयुक्त परिवार में रहता है – वह एक आदतन अपराधी नहीं है या आज दिनांक को ज्ञात अपराधी नहीं है – उसके पिता राजपत्रित अधिकारी है – यह नहीं कहा जा सकता कि बालक का भविष्य उसकी अभिरक्षा में सुरक्षित नहीं रहेगा – याची को अभिरक्षा प्रदान की गई – याचिका स्वीकृत। (सागर सक्सेना वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…1984**

Constitution – Article 226 – Habeas Corpus – Custody of Child – Maintainability of Petition **– Held – Division Bench of this Court held that *habeas corpus* under Article 226 is maintainable in matter of custody of a child. [Sagar Saxena Vs. State of M.P.] (DB)…1984**

संविधान – अनुच्छेद 226 – बंदी प्रत्यक्षीकरण – बालक की अभिरक्षा – याचिका की पोषणीयता – अभिनिर्धारित – इस न्यायालय की खंड न्यायपीठ ने अभिनिर्धारित किया कि बालक की अभिरक्षा के मामले में अनुच्छेद 226 के अंतर्गत बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पोषणीय है। (सागर सक्सेना वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…1984**

Constitution – Article 226 – Habeas Corpus – Territorial Jurisdiction **– Held – Lady living in State of Chhattisgarh, even assuming that she made complaints to concerned police, it is for the concerned police therein to react to the same – Petitioner cannot be allowed to invoke the jurisdiction within territories of State of M.P. for making the grievance which arise in State of Chhattisgarh – Petition dismissed. [Syed Arshad Rabbani Vs. State of M.P.] (DB)…1888**

संविधान – अनुच्छेद 226 – बंदी प्रत्यक्षीकरण – क्षेत्रीय अधिकारिता – अभिनिर्धारित – महिला छत्तीसगढ़ राज्य में रह रही है, यहां तक कि यह धारणा करते हुए कि उसने संबंधित पुलिस को शिकायतें की, वहां की संबंधित पुलिस उक्त पर कार्रवाई करेगी – याची को छत्तीसगढ़ राज्य में उत्पन्न होने वाली शिकायत के लिए म.प्र. राज्य के राज्यक्षेत्रों के भीतर अधिकारिता का अवलंब लेने की मंजूरी नहीं दी जा सकती – याचिका खारिज। (सैयद अरशद रब्बानी वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…1888**

Constitution – Article 226 – Limitation – Repeated Representation **– Held – Apex Court concluded that where the initial representation is rejected, the subsequent representations on the same subject would not extend the period of limitation for filing the writ petition. [Bholeram Raikwar Vs. State of M.P.] (DB)…*81**

संविधान – अनुच्छेद 226 – परिसीमा – बारंबार अभ्यावेदन – अभिनिर्धारित – सर्वोच्च न्यायालय ने निष्कर्षित किया है कि जहां आरंभिक अभ्यावेदन अस्वीकार किया जाता है, तो उसी विषय पर पश्चात्वर्ती अभ्यावेदन रिट याचिका प्रस्तुत करने के लिए परिसीमा की अवधि का विस्तार नहीं करेंगे। (भोलेराम रैकवार वि. म.प्र. राज्य)**(DB)…*81**

INDEX

तीन वर्ष के समाप्त हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत किया गया था – तीन साल का वर्जन एक कानूनी वर्जन नहीं है – प्रत्यर्थी को, नई सुधार की हुई अंकसूची याची को जारी करने हेतु निदेशित किया गया – याचिका मंजूर। (शिव कुमार शर्मा वि. द सेक्रेटरी, एम.पी. बोर्ड ऑफ सेकण्डरी एजुकेशन) **…*59**

***Constitution – Article 226 and High Court of Madhya Pradesh Rules, 2008, Chapter XIII, Rule 39 (2) – Stay of Suspension Order – Maintainability of Writ Appeal* – Held – Writ appeal at the behest of State Government against an interim order staying suspension order is maintainable. [State of M.P. Vs. Satya Narayan Dubey] (DB)…1975**

संविधान – अनुच्छेद 226 एवं मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय नियम, 2008, अध्याय XIII नियम 39 (2) – निलंबन आदेश को रोका जाना – रिट अपील की पोषणीयता – अभिनिर्धारित – निलंबन आदेश को रोके जाने के अंतरिम आदेश के विरूद्ध राज्य सरकार के आदेश पर रिट अपील पोषणीय है। (म.प्र. राज्य वि. सत्य नारायण दुबे) **(DB)…1975**

***Constitution – Article 226 and Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest (SARFAESI) Act, (54 of 2002), Section 13 & 14 – Repayment of Loan – Bonafide Litigant* – Held – Cheques given by petitioner were dishonored, they also tried to sell the secured assets – Intention of petitioners not *bonafide*, they are not intending to repay the amount to bank – They cannot be permitted to take technical objections to avoid their liability – Writ remedy is not available to such litigants whose intentions are not *bonafide*. [Mishri Bai (Smt.) Vs. Shubh Laxmi Mahila Cooperative Bank Ltd.] (DB)…1720**

संविधान – अनुच्छेद 226 एवं वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, (2002 का 54), धारा 13 व 14 – उधार का प्रतिसंदाय – सद्भाविक मुकदमेबाज – अभिनिर्धारित – याची द्वारा दिये गये चैक अनादृत हो गये थे, उन्होंने प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय करने का भी प्रयत्न किया – याचीगण का आशय सद्भाविक नहीं, वे बैंक को राशि का प्रतिसंदाय करने के आशयित नहीं हैं – उन्हें उनके दायित्व से बचने के लिए तकनीकी आपत्तियां लेने की अनुज्ञा नहीं दी जा सकती – ऐसे मुकदमेबाजों को जिनके आशय सद्भाविक नहीं हैं, रिट उपचार उपलब्ध नहीं है। (मिश्री बाई (श्रीमती) वि. शुभ लक्ष्मी महिला कोऑपरेटिव बैंक लि.) **(DB)…1720**

***Constitution – Article 226 and Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest (SARFAESI) Act, (54 of 2002), Section 18 – Alternative Remedy* – Held – There is nothing which makes it obligatory for this Court to entertain writ petition when efficacious alternative remedy is available to petitioner – DRT is best suited to examine the factual aspect of the case – Petition disposed with liberty to avail alternative remedy of appeal. [Devendra Kumar Rai Vs. State Bank of India] (DB)…*83**

– अभिनिर्धारित – निर्वाचन प्रक्रिया को चुनौती देने वाली रिट याचिका पोषणीय नहीं है – याची को परिणाम घोषित होने के पश्चात्, यदि ऐसी सलाह दी जाए, निर्वाचन याचिका प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता प्रदान की जाती है – याचिका खारिज। (रूमाली (श्रीमती) वि. एम.पी. स्टेट इलेक्शन कमीशन भोपाल) **…*91**

***Constitution – Article 226 & 311(2)(b) – Dispensing with Enquiry – Valid Reasons* – Held – Reasons assigned for dispensing with enquiry are based on extraneous considerations and political pressure and are insufficient for dispensing with regular department enquiry – If a preliminary enquiry could be conducted, there is no reason why a formal departmental enquiry was not conducted – Enquiry dispensed with without any valid reason. [Suresh Sharma Vs. State of M.P.] …2006**

संविधान – अनुच्छेद 226 व 311(2)(b) – जांच से अभिमुक्ति प्रदान किया जाना – विधिमान्य कारण – अभिनिर्धारित – जांच से अभिमुक्ति प्रदान करने के लिए दिये गये कारण बाहरी प्रतिफलों/विचारों एवं राजनीतिक दबाव पर आधारित हैं तथा नियमित विभागीय जांच से अभिमुक्ति प्रदान करने के लिए पर्याप्त हैं – यदि एक प्रारंभिक जांच की जा सकती थी, तो इसका कोई कारण नहीं है कि एक औपचारिक विभागीय जांच संचालित क्यों नहीं की गई थी – बिना किसी विधिमान्य कारण के जांच से अभिमुक्ति प्रदान की गई। (सुरेश शर्मा वि. म.प्र. राज्य) **…2006**

***Constitution – Article 227 – Contractual Appointment – Termination – Scope of Interference* – Held – Contract was terminated on basis of non-obtaining requisite marks in ACR – Such orders cannot be termed as stigmatic – Further, relationship between employer and employee are purely contractual – Original contract clearly stipulates that employer on satisfaction of services of the employee would decide as to whether further extension of services can be given – Court cannot give a finding on the sufficiency or otherwise, of the criteria or reason for non-extension of services of appellant – Appeal dismissed. [Mahendra Kori Vs. State of M.P.] (DB)…*87**

संविधान – अनुच्छेद 227 – संविदात्मक नियुक्ति – पर्यवसान – हस्तक्षेप की व्याप्ति – अभिनिर्धारित – **ACR** में अपेक्षित अंक प्राप्त न करने के आधार पर संविदा का पर्यवसान किया गया था – ऐसे आदेशों को कलंकपूर्ण नहीं कहा जा सकता – इसके अतिरिक्त, नियोक्ता तथा कर्मचारी के मध्य संबंध पूर्ण रूप से संविदात्मक होता है – मूल संविदा स्पष्ट रूप से यह अनुबंधित करती है कि नियोक्ता, कर्मचारी की सेवाओं से संतुष्ट होने पर यह विनिश्चित करेगा कि क्या आगे सेवाओं को बढ़ाया जा सकता है – न्यायालय अपीलार्थी की सेवाओं को बढ़ाये न जाने के मापदण्ड या कारण की पर्याप्तता अथवा अन्यथा पर कोई निष्कर्ष नहीं दे सकता – अपील खारिज। (महेन्द्र कोरी वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…*87**

INDEX

INDEX

INDEX

months period is prescribed in Rule 11 to ensure that appointment order is issued with quite promptitude – If appointment order is not issued to successful candidates within 3 months, bond conditions will be treated to be cancelled. [Archana Govind Rao Bhange (Dr.) Vs. State of M.P.] (DB)…*77

चिकित्सा तथा दंत चिकित्सा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (डिग्री/डिप्लोमा) प्रवेश नियम, म.प्र., 2014, नियम 11 – बंध–पत्र की शर्तों को रद्द किया जाना – अभिनिर्धारित – यह सुनिश्चित करने हेतु कि नियुक्ति आदेश काफी तत्परता से जारी किया गया है, नियम 11 में 3 महीने की कालावधि निर्धारित है – यदि सफल अभ्यर्थियों को 3 माह के भीतर नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया जाता है तो बंध–पत्र की शर्तों को निरस्त माना जाएगा। (अर्चना गोविंद राव भांगे (डॉ.) वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…*77**

***Medical and Dental Post Graduate Course Admission Rules (Degree/Diploma), M.P., 2014, Rule 11 – Deeming Provision* – Held – As per automatic/deeming clause in Rule 11, if Commissioner failed to issue an appointment order within 3 months, the bond conditions pales into insignificance and cannot be enforced against petitioner – The shelf life of bond was dependent upon issuance of appointment orders within stipulated time which was not done by government. [Rahul Mittal (Dr.) Vs. State of M.P.] (DB)…*70**

चिकित्सा तथा दंत चिकित्सा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (डिग्री/डिप्लोमा) प्रवेश नियम, म.प्र., 2014, नियम 11 – धारणा उपबंध – अभिनिर्धारित – नियम 11 में स्वतः/धारणा उपबंध के अनुसार, यदि आयुक्त तीन माह के भीतर नियुक्ति आदेश जारी करने में असफल रहता है, तो बंध–पत्र की शर्तें महत्वहीन हो जाती हैं एवं याची के विरूद्ध प्रवर्तित नहीं कराई जा सकतीं – बंध–पत्र की निधानी आयु नियत समय के भीतर नियुक्ति आदेश जारी करने पर निर्भर थी जो कि सरकार द्वारा नहीं किया गया था। (राहुल मित्तल (डॉ.) वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…*70**

***Medical and Dental Post Graduate Course Admission Rules (Degree/Diploma), M.P., 2014, Rule 11 – Purpose* – Held – Purpose of Rule 11 is to ensure that soon after the candidate has passed, Dean must send the list of successful candidates to Commissioner, and in turn, Commissioner will appoint them within 3 months therefrom. [Archana Govind Rao Bhange (Dr.) Vs. State of M.P.] (DB)…*77**

चिकित्सा तथा दंत चिकित्सा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (डिग्री/डिप्लोमा) प्रवेश नियम, म.प्र., 2014, नियम 11 – प्रयोजन – अभिनिर्धारित – नियम 11 का प्रयोजन यह सुनिश्चित करना है कि अभ्यर्थी के उत्तीर्ण करने के तुरंत बाद डीन द्वारा सफल अभ्यर्थियों की सूची कमिश्नर को भेजी जानी चाहिए, और बदले में, कमिश्नर उससे तीन माह के भीतर उन्हें नियुक्त करेगा। (अर्चना गोविंद राव भांगे (डॉ.) वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…*77**

Medical Council of India Regulation on Graduate Medical Education, 1997 – See – Niji Vyavsayik Shikshan Sanstha (Pravesh Ka Viniyaman Avam

***Negotiable Instruments Act (26 of 1881), Section 138 & 141 and Criminal Procedure Code, 1973 (2 of 1974), Section 319 – Offence by Firm – Vicarious Liability – Necessary Party* – Held – Cheque issued by firm but complaint filed without any averments with reference to firm – Held – The factum that accused signed the cheque in capacity of director or person in-charge of affairs of firm can be determined during stage of trial – Court can array the firm as accused in the course of trial invoking powers u/S 319 Cr.P.C. – Trial is in its early stage, it is still open for Complainant/Court to array the firm as accused – Cognizance taken by trial Court cannot be quashed – Application dismissed. [Mahesh Singh Jadon Vs. Shri Radha Sharan Dubey] …1969**

परक्राम्य लिखत अधिनियम (1881 का 26), धारा 138 व 141 एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2), धारा 319 – फर्म द्वारा अपराध – प्रतिनिधिक दायित्व – आवश्यक पक्षकार – अभिनिर्धारित – फर्म द्वारा चैक जारी किया गया परंतु फर्म के संदर्भ में बिना किसी प्रकथनों के परिवाद प्रस्तुत किया गया – अभिनिर्धारित – यह तथ्य कि अभियुक्त ने निदेशक अथवा फर्म के कामकाज के प्रभारी व्यक्ति की हैसियत से चैक पर हस्ताक्षर किये, विचारण के प्रक्रम के दौरान अवधारित किया जा सकता है – न्यायालय, दं. प्र.सं. की धारा 319 के अंतर्गत शक्तियों का अवलंब लेते हुए विचारण के दौरान फर्म को अभियुक्त के रूप में दोषारोपित कर सकता है – विचारण अपने प्रारंभिक प्रक्रम पर है, परिवादी/न्यायालय अभी भी फर्म को अभियुक्त के रूप में दोषारोपित कर सकता है – विचारण न्यायालय द्वारा लिया गया संज्ञान अभिखंडित नहीं किया जा सकता – आवेदन खारिज। (महेश सिंह जादौन वि. श्री राधा शरण दुबे) …1969

***Niji Vyavsayik Shikshan Sanstha (Pravesh Ka Viniyaman Avam Shulk Ka Nirdharan) Adhiniyam, M.P. (21 of 2007), Sections 5, 5-A, 5-A(3), 5(7) & 7, Chikitsa Shiksha Pravesh Niyam, M.P., 2018 and Medical Council of India Regulation on Graduate Medical Education, 1997 – Admission – Held* – Petitioner did not participate in any authorized counselling conducted by State – Even for college level counselling, procedure prescribed in Regulations, Admission Rules and Adhiniyam of 2007 are required to be followed – Colleges cannot give admission to candidates on their own – She is not even the most meritorious candidate in her category – Admission granted to petitioner runs contrary to mandatory provisions of law – University rightly did not provide enrollment number to petitioner – Petition dismissed. [Shruti Patidar (Ms.) Vs. State of M.P.] (DB)…*92**

निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्था (प्रवेश का विनियमन एवं शुल्क का निर्धारण) अधिनियम, म.प्र. (2007 का 21), धाराएँ 5, 5–A, 5–A (3), 5(7) व 7, चिकित्सा शिक्षा प्रवेश नियम, म.प्र., 2018 एवं भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् स्नातक चिकित्सा शिक्षा पर विनियमावली, 1997 – प्रवेश – अभिनिर्धारित – याची ने राज्य द्वारा आयोजित किसी भी प्राधिकृत काउंसलिंग में भाग नहीं लिया – यहां तक कि महाविद्यालय स्तर की काउंसलिंग के लिए भी, विनियमावली, प्रवेश नियम एवं 2007 के अधिनियम में विहित प्रक्रिया का पालन

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 141 व 149 – सदस्यों की पहचान – अभिनिर्धारित – यह निष्कर्ष निकालने के लिए कि कोई व्यक्ति धारा 149 के अंतर्गत अपराध का दोषी है, यह साबित किया जाना चाहिए कि उक्त व्यक्ति ''ऐसे विधि–विरूद्ध जमाव'' का सदस्य है जिसमें कम से कम 5 सदस्य हैं, इस तथ्य को ध्यान में रखे बिना कि क्या उनमें से हर एक की पहचान साबित है या नहीं – यदि वह तथ्य साबित है, तो जांच का अगला कदम यह है कि क्या विधि–विरूद्ध जमाव का सामान्य उद्देश्य भारतीय दण्ड संहिता की धारा 141 में निर्दिष्ट किए गए 5 प्रगणित उद्देश्यों में से एक है। (हुकुम सिंह वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…*85**

***Penal Code (45 of 1860), Section 143 & 494 – Independent/Interested Witnesses* – Held – PW-4 is father of appellant, he is interested witness – No independent witness or documentary evidence available – In absence of material, substantive and independent evidence, marriage of appellant with respondent No. 2 not proved – Apex Court concluded that if first marriage is not valid, the question of second marriage being legally performed or not would not arise. [Kailash Vs. Gordhan] …1920**

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 143 व 494 – स्वतंत्र/हितबद्ध साक्षीगण – अभिनिर्धारित – अभियोजन साक्षी–4 अपीलार्थी का पिता है, वह हितबद्ध साक्षी है – कोई स्वतंत्र साक्षी अथवा दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध नहीं – सामग्री, सारभूत एवं स्वतंत्र साक्ष्य के अभाव में, प्रत्यर्थी क्र. 2 के साथ अपीलार्थी का विवाह साबित नहीं होता – सर्वोच्च न्यायालय ने निष्कर्षित किया है कि यदि प्रथम विवाह विधिमान्य नहीं है, तो दूसरे विवाह के वैध रूप से संपन्न होने अथवा न होने का प्रश्न उत्पन्न नहीं होगा। (कैलाश वि. गोरधन) **…1920**

***Penal Code (45 of 1860), Section 143 & 494 – Strict Proof of Marriage* – Held – Appellant claiming to be first husband of Respondent No. 2 – No independent witnesses or documentary evidence (Voter list/Ration Card) available to establish that respondent No. 2 is wife of appellant – No family members or relatives examined to prove the rites and rituals performed – Adverse inference can be drawn against appellant – There is a lack of strict proof of Bigamy – Respondents rightly acquitted – Appeal dismissed. [Kailash Vs. Gordhan] …1920**

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 143 व 494 – विवाह का ठोस सबूत – अभिनिर्धारित – अपीलार्थी द्वारा प्रत्यर्थी क्र. 2 के पहले पति होने का दावा किया जाना – यह स्थापित करने हेतु कोई स्वतंत्र साक्षीगण अथवा दस्तावेजी साक्ष्य (मतदाता सूची/राशन कार्ड) उपलब्ध नहीं है कि प्रत्यर्थी क्र. 2, अपीलार्थी की पत्नी है – संपन्न किये गये रीति–रिवाजों को साबित करने के लिए, किन्हीं पारिवारिक सदस्यों अथवा रिश्तेदारों का परीक्षण नहीं किया गया – अपीलार्थी के विरूद्ध प्रतिकूल निष्कर्ष निकाला जा सकता है – द्विविवाह के ठोस सबूत का अभाव है – प्रत्यर्थीगण को उचित रूप से दोषमुक्त किया गया – अपील खारिज। (कैलाश वि. गोरधन) **…1920**

and circumstances of each case – The time of occurrence, distance to police station, mode of conveyance available are all relevant factors to be considered. [Hariram Vs. State of M.P.] (DB)…*84

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 302 – प्रथम सूचना रिपोर्ट में विलंब – अभिनिर्धारित – सर्वोच्च न्यायालय ने निष्कर्षित किया कि मात्र रिपोर्ट दर्ज करने में विलंब अपने आप में अभियोजन के प्रकरण के लिए आवश्यक रूप से घातक नहीं है – विलंब पर विचार प्रत्येक प्रकरण के तथ्यों एवं परिस्थितियों की पृष्ठभूमि पर करना होगा – घटना का समय, पुलिस स्टेशन से दूरी, परिवहन का उपलब्ध माध्यम सभी विचार करने योग्य कारक हैं। (हरिराम वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…*84**

***Penal Code (45 of 1860), Section 302 – Delayed FIR & Investigation* – FIR lodged after one year of incident – Held – Case is not based on evidence of any witness but primarily based on dying declaration, which was recorded promptly – Omissions and contaminated conduct of police cannot be a ground for acquittal, specifically when guilt of accused is otherwise proved beyond reasonable doubt. [Ajju alias Ajay Vs. State of M.P.] (DB)…*60**

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 302 – विलंबित प्रथम सूचना प्रतिवेदन तथा अन्वेषण – प्रथम सूचना प्रतिवेदन घटना के एक वर्ष पश्चात् दर्ज किया गया – अभिनिर्धारित – प्रकरण किसी साक्षी के साक्ष्य पर आधारित नहीं परंतु प्राथमिक रूप से मृत्युकालिक कथन पर आधारित है, जिसे तत्काल दर्ज किया गया था – चूक तथा पुलिस का दूषित आचरण दोषमुक्ति का आधार नहीं हो सकता, विशेष रूप से तब जब अभियुक्त का दोष अन्यथा युक्तियुक्त संदेह से परे साबित हो जाता है। (अज्जू उर्फ अजय वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…*60**

***Penal Code (45 of 1860), Section 302 – Dying Declaration – Credibility* – Held – It is not the extent of superficial burn which effects state of mind of patient but it is the degree of burn which effects the state of mind – It cannot be held that merely because person sustained 100% burn injuries, he cannot make a dying declaration – Dying declaration recorded by Tehsildar, Oral dying declaration given to husband and motive of offence established by prosecution – Degree of burns, discussed and explained – Appeal dismissed. [Ajju alias Ajay Vs. State of M.P.] (DB)…*60**

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 302 – मृत्युकालिक कथन – विश्वसनीयता – अभिनिर्धारित – यह सतही जलने की मात्रा नहीं है जो रोगी की मनःस्थिति को प्रभावित करती है बल्कि यह जलने की डिग्री है जो मनःस्थिति को प्रभावित करती है – यह अभिनिर्धारित नहीं किया जा सकता कि मात्र केवल इसलिए कि व्यक्ति को 100% जलने की क्षतियां कारित हुई हैं, वह मृत्युकालिक कथन नहीं कर सकता – तहसीलदार द्वारा अभिलिखित मृत्युकालिक कथन, पति को दिया गया मौखिक मृत्युकालिक कथन तथा अपराध का हेतुक अभियोजन द्वारा स्थापित – जलने की डिग्री, विवेचित एवं स्पष्ट – अपील खारिज। (अज्जू उर्फ अजय वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…*60**

INDEX

बार अपीलार्थी के साथ जीवित देखा गया था एवं तत्पश्चात् मृतक को नहीं देखा गया – मृतक के लापता होने के संबंध में सुसंगत तथ्य केवल अपीलार्थी को ज्ञात था एवं फिर भी उसने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया तथा कुछ भी प्रकट नहीं करना चुना, अतः अपीलार्थी के विरूद्ध अत्यंत प्रबल उपधारणा की गई कि मृतक की हत्या उसके द्वारा की गई थी – अभियोजन द्वारा हेतु भी स्थापित – अपीलार्थी उचित रूप से दोषसिद्ध – अपील खारिज। (संजय वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…1795**

***Penal Code (45 of 1860), Sections 302, 364 & 201 – Recovery of Dead Body* – Held – Apex Court concluded that it is not necessary that dead body of victim should be found and identified i.e. conviction for offence of murder does not necessarily depend upon *corpus delicti* being found. [Sanjay Vs. State of M.P.] (DB)…1795**

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 302, 364 व 201 – शव की बरामदगी – अभिनिर्धारित – सर्वोच्च न्यायालय ने निष्कर्षित किया है कि यह आवश्यक नहीं है कि पीड़ित का शव पाया जाना चाहिए तथा उसकी पहचान की जानी चाहिए अर्थात् हत्या के अपराध के लिए दोषसिद्धि आवश्यक रूप से अपराध–सार के पाये जाने पर निर्भर नहीं करती है। (संजय वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…1795**

***Penal Code (45 of 1860), Sections 302, 364 & 201 and Criminal Procedure Code, 1973 (2 of 1974), Section 307 – Accomplice Witness – Credibility* – Held – Co-accused himself filed applications for making him approver in the case and made statements u/S 307 Cr.P.C. – His inconsistent statements and silence during examination by Court in itself sufficient to draw inference that he changed his earlier version and was probably win over by appellant – In these circumstances, his earlier whole statement cannot be washed up and can very well be taken into consideration as corroborative piece of evidence. [Sanjay Vs. State of M.P.] (DB)…1795**

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 302, 364 व 201 एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2), धारा 307 – सह अपराधी साक्षी – विश्वसनीयता – सह–अभियुक्त ने प्रकरण में स्वयं को इकबाली साक्षी बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये तथा दं.प्र.सं. की धारा 307 के अंतर्गत कथन किये – उसके असंगत कथन एवं न्यायालय द्वारा परीक्षण के दौरान मौन अपने आप में यह निष्कर्ष निकालने हेतु पर्याप्त है कि उसने उसके पूर्व कथन को बदल दिया और अधिसंभवतः अपीलार्थी द्वारा विश्वास में ले लिया गया – इन परिस्थितियों में, उसके पूर्व के संपूर्ण कथन को बेकार नहीं ठहराया जा सकता तथा भलीभांति साक्ष्य के संपोषक भाग के रूप में विचार में लिया जा सकता है। (संजय वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…1795**

***Penal Code (45 of 1860), Section 307 – Nature of Injury* – Held – Single blow injury caused on vital part of body though it was caused on back but it reached to the chest – Doctor stated that injury was grievous and was sufficient to cause death in ordinary course of nature as it was caused by sharp cutting weapon (big knife) – Appellant rightly convicted u/S 307 IPC – As only single injury was caused and appellant did not attempt to hurt**

of prosecutrix was below 18 years – Prosecutrix herself stated that she voluntarily went with appellant on her free will – No evidence to show that she was taken forcibly or was induced by appellant – Where prosecutrix at the age of discretion leaves her parental home and accused simply facilitates her in fulfillment of her desire, it is not kidnapping or abduction – Conviction set aside – Appeal allowed. [Manoj Sahu Vs. State of M.P.] …1912

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 363 – अभियोक्त्री की आयु – अभिनिर्धारित – अभियोजन यह स्थापित करने में असफल रहा कि अपराध कारित किये जाने के समय, अभियोक्त्री की आयु 18 वर्ष से कम थी – अभियोक्त्री ने स्वयं यह कथन किया कि वह स्वेच्छापूर्वक अपीलार्थी के साथ अपनी इच्छा से गई थी – यह दर्शाने हेतु कोई साक्ष्य नहीं है कि उसे बलपूर्वक ले जाया गया था अथवा अपीलार्थी द्वारा उत्प्रेरित किया गया था – जहां अभियोक्त्री विवेकाधिकार की आयु में अपने माता–पिता का घर छोड़ देती है तथा अभियुक्त उसकी इच्छा पूर्ण करने में केवल उसकी सहायता करता है, वह अपहरण या व्यपहरण नहीं है – दोषसिद्धि अपास्त – अपील मंजूर। (मनोज साहू वि. म.प्र. राज्य) **…1912**

***Penal Code (45 of 1860), Section 363 – Age of Prosecutrix – Proof* – Held – Prosecutrix herself and her father, mother and brother does not know the exact date of birth – Entries in Pragati Patrak of school was not proved by evidence of any school authority – Prosecution not able to prove that at the time of incident prosecutrix was below 18 years of age. [Manoj Sahu Vs. State of M.P.] …1912**

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 363 – अभियोक्त्री की आयु – सबूत – अभिनिर्धारित – स्वयं अभियोक्त्री को एवं उसके पिता, माता एवं भाई को सटीक जन्मतिथि ज्ञात नहीं – विद्यालय के प्रगति पत्रक की प्रविष्टियों को किसी विद्यालय प्राधिकारी के साक्ष्य द्वारा साबित नहीं किया गया था – अभियोजन यह साबित करने मे सक्षम नहीं रहा कि घटना के समय अभियोक्त्री 18 वर्ष से कम आयु की थी। (मनोज साहू वि. म.प्र. राज्य) **…1912**

***Penal Code (45 of 1860), Section 364A – See – Dakaiti Aur Vyapharan Prabhavit Kshetra Adhiniyam, M.P., 1981, Section 11/13* [Arvind Singh Gurjar Vs. State of M.P.] (DB)…*78**

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 364A – देखें – डकैती और व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम, म.प्र., 1981, धारा 11/13 (अरविन्द सिंह गुर्जर वि. म.प्र. राज्य) **(DB)…*78**

***Penal Code (45 of 1860), Section 494 – Ingredients* – Held – Essential ingredients of offence u/S 494 are (i) accused must have contracted first marriage, (ii) she must have married again, (iii) first marriage must be subsisting and no divorce has taken place, and (iv) first spouse must be living. [Kailash Vs. Gordhan] …1920**

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 494 – घटक – अभिनिर्धारित – धारा 494 के अंतर्गत अपराध के आवश्यक घटक हैं (i) अभियुक्त ने प्रथम विवाह किया हो, (ii) उसने

लोक न्यास अधिनियम, म.प्र. (1951 का 30), धारा 3 व 34–A – रजिस्ट्रार की शक्तियाँ – शक्ति का प्रत्यायोजन – अभिनिर्धारित – जब तक अधिनियम की धारा 34–A के अंतर्गत एक पृथक अधिसूचना जारी नहीं की जाती, रजिस्ट्रार की शक्तियों को कार्य वितरण ज्ञापन द्वारा उपखंड अधिकारी को प्रत्यायोजित नहीं किया जा सकता – उपखंड अधिकारी को रजिस्ट्रार लोक न्यास की शक्तियों का प्रयोग करने का कोई प्राधिकार नहीं है – आक्षेपित आदेश बिना अधिकारिता का होने के कारण, अभिखंडित। (प्रशांत शर्मा वि. म.प्र. राज्य) …*90

***Qawaid Muafidaran Jujve Araji Va Nakdi, Riyasat Gwalior, Samvat, 1991, Section 3(1) & 4(4) – "Muafi" – Grant of "Nemnuk"* – Held – Muafi means cash or land** (आराजी) **– Instant case is a case of Muafi cash (*nemnuk*) which was given to ancestors of appellant for offering prayer and to serve deities, therefore it cannot be assumed through Act of Samvat 1991 that by way of grant of Muafi Devsthani or *nemnuk*, intention of the Act or native State was to call the temple as Government Temple. [Ramkrishna Sharma Vs. State of M.P.]** …1749

कवाअद माफीदारान जुज्वे आराजी व नक्दी, रियासत ग्वालियर, सम्वत 1991, धारा 3(1) व 4(4) – ''माफी'' – ''नेमनुक'' प्रदान किया जाना – अभिनिर्धारित – ''माफी'' का अर्थ है नगदी अथवा भूमि (आराजी) – वर्तमान प्रकरण माफी नगदी (नेमनुक) का एक प्रकरण है जो कि उपासना करने एवं देवी–देवताओं की सेवा करने के लिए अपीलार्थी के पूर्वजों को दी गई थी, अतः 1991 सम्वत् के अधिनियम के माध्यम से यह धारणा नहीं की जा सकती कि माफी देवस्थानी अथवा नेमनुक प्रदान करने के माध्यम से, अधिनियम अथवा देशी राज्य/रियासत का आशय मंदिर को सरकारी मंदिर कहना था। (रामकृष्ण शर्मा वि. म.प्र. राज्य) …1749

***Rajya Suraksha Adhiniyam, M.P., 1990 (4 of 1991), Section 5 – Externment Orders – Old & Stale Cases – Test of Reasonableness* – Held – Unless and until there is live link between the cases with necessity of externment order, old and stale cases cannot be taken into consideration – No finding by District Magistrate that act of petitioner is causing or calculated to cause alarm, danger or harm to person or property and the witnesses are not coming forward to give evidence in public by reason of apprehension regarding safety of their person or property – Test of reasonableness not satisfied – Impugned order set aside – Petition allowed. [Anwar Khan Jilani Vs. State of M.P.]** …1862

राज्य सुरक्षा अधिनियम, म.प्र., 1990 (1991 का 4), धारा 5 – निष्कासन आदेश – पुराने व घिसे–पिटे प्रकरण – युक्तियुक्तता का परीक्षण – अभिनिर्धारित – जब तक कि निष्कासन आदेश की आवश्यकता वाले प्रकरणों के मध्य सीधा संबंध/जीवन्त कड़ी न हो, पुराने एवं घिसे–पिटे प्रकरणों को विचार में नहीं लिया जा सकता – जिला मजिस्ट्रेट द्वारा ऐसा कोई निष्कर्ष नहीं कि याची का कृत्य शरीर अथवा संपत्ति को संकट अथवा अपहानि कारित करता है या कारित करने का संकेत प्रकल्पित करता है तथा साक्षीगण उनके शरीर अथवा संपत्ति की सुरक्षा के संबंध में आशंका के कारण सार्वजनिक रूप से साक्ष्य देने के

कोई उपबंध नहीं है जो आरंभिक 1000 वर्गमीटर के लिए 50 प्रतिशत प्रतिकर घटाने की आज्ञा देता हो – प्रतिकर का अवधारण सुसंगत भूमि अर्जन अधिनियम जो प्रचलन में है, के अनुसार किया जाना आवश्यक है – कटौती का सिद्धांत 2013 के अधिनियम की धारा 26(1)(a) को दृष्टिगत रखते हुए अन्यदेशीय है – अपीलार्थी का प्रतिकर बिना किन्हीं कटौतियों के कलेक्टर मार्गदर्शिका को लागू कर अवधारित किया जाना चाहिए – निगमों द्वारा प्रस्तुत अपीलें खारिज – दावेदारों द्वारा प्रस्तुत अपीलें मंजूर। (एम.पी. रोड डव्हेलपमेन्ट कारपोरेशन वि. मो. शहाबुद्दीन) **(DB)…1927**

***Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act (30 of 2013), Section 26(1)(a) and Stamp Act, Indian (2 of 1899), Section 75 – Expression "Market Value"* – Held – The new expression employed in Section 26(1)(a) must be given full meaning and effect – The expression "market value" specified in the Stamp Act is not such a dull and lifeless expression which can be ignored. [M.P. Road Development Corporation Vs. Mohd. Shahbuddin] (DB)…1927**

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम (2013 का 30), धारा 26(1)(a) एवं स्टाम्प अधिनियम, भारतीय (1899 का 2), धारा 75 – अभिव्यक्ति ''बाजार मूल्य'' – अभिनिर्धारित – धारा 26(1)(a) में प्रयुक्त की गई नई अभिव्यक्ति को पूर्ण अर्थ एवं प्रभाव दिया जाना चाहिए – स्टाम्प अधिनियम में विनिर्दिष्ट की गई अभिव्यक्ति ''बाजार मूल्य'' ऐसी निष्क्रिय और निर्जीव अभिव्यक्ति नहीं है जिसे अनदेखा किया जा सके। (एम.पी. रोड डव्हेलपमेन्ट कारपोरेशन वि. मो. शहाबुद्दीन) **(DB)…1927**

***Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act (30 of 2013), Section 26(1)(a), Stamp Act, Indian (2 of 1899), Section 75, Preparation & Revision of Market Value Guideline Rules, M.P., 2018, Rules 5, 6 & 7 and National Highways Act (48 of 1956), Section 3G(5) – Collector Guidelines* – Held – Collector guidelines provides determining factors for calculation of market value of land and compensation u/S 26(1)(a) – Collector guidelines having received statutory colour if r/w Section 75 of Stamp Act and provisions of Guideline Rules, 2018, it can certainly become basis for determination of compensation for land acquisition under Highways Act as well. [M.P. Road Development Corporation Vs. Mohd. Shahbuddin] (DB)…1927**

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम (2013 का 30), धारा 26(1)(a), स्टाम्प अधिनियम, भारतीय (1899 का 2), धारा 75, बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम, म.प्र., 2018, नियम 5, 6 व 7 एवं राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम (1956 का 48), धारा 3G(5) – कलेक्टर मार्गदर्शिका – अभिनिर्धारित – कलेक्टर मार्गदर्शिका, भूमि के बाजार मूल्य तथा धारा 26(1)(a) के अंतर्गत प्रतिकर की गणना के लिए अवधारक कारक उपबंधित करती है – कलेक्टर मार्गदर्शिका को कानूनी मान्यता प्राप्त होने पर यदि स्टाम्प अधिनियम

की धारा 75 एवं 2018 के मार्गदर्शक सिद्धांत नियमों के उपबंधों के साथ पढ़ा जाए, तो यह निश्चित रूप से राजमार्ग अधिनियम के अंतर्गत भी भूमि अर्जन के लिए प्रतिकर के अवधारण करने का आधार बन सकती है। (एम.पी. रोड डव्हेलपमेन्ट कारपोरेशन वि. मो. शहाबुद्दीन) **(DB)…1927**

Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, (30 of 2013), Section 33 – Modification/ Correction/Review of Award – Scope & Powers **– Held – Land Acquisition Officer has no power to review original award – Section 33 only empowers Collector to correct any clerical /arithmetical mistakes in the award or errors arising therein, either on his own motion or on application of any interested person or local authority, subject to compliance of other conditions of Section 33 – Proportion of share, determined in original award cannot be corrected u/S 33 – Impugned order has an effect of modifying the original award and is thus set aside – Petition allowed. [Dinendra Parashar Vs. State of M.P.] …*49**

